=+1>*t33

Title :Need to take up gauge conversion work and introduce additional trains in the State of Uttaranchal for its speedy development. - Laid.

श्री महेन्द्र सिंह पाल (नैनीताल) : महोदय, नव निर्मित राज्य उत्तरांचल में वर्ा 2003 के बजट में प्रदेश के विकास हेतु नयी ट्रेनें, नयी रेलवे लाइन और मीटर गेज लाइन को ब्राडगेज में परिवर्तित करने का प्रावधान नहीं किया गया है, जिसकी वजह से उत्तरांचल राज्य के सर्वांगीण विकास एवं पर्यटन को आगे बढ़ाने में काफी कठिनाइयां तथा नुकसान उठाना पड़ा है।

मेरी सरकार से मांग है कि इसी बजट में उत्तरांचल में नयी रेलवे लाइन बिछाने, मीटर गेज से ब्राडगेज लाइन में परिवर्तित करने का प्रावधान कर सर्वे एवं स्वीकृति प्र दान की जाये। नयी गाड़ियां चलाने हेतु विशो रूप से काठगोदाम से जम्मू, काठगोदाम से नयी दिल्ली के लिए शताब्दी अथवा जनशताब्दी ट्रेन चलाने की व्यवस्था की जाये। इसके अलावा मुम्बई से काठगोदाम तथा टनकपुर-खटीमा-रूद्रपुर जोड़ते हुए देहरादून के लिए नयी रेल लाइन का प्रावधान किया जाना अति आवश्यक है।

अतः सरकार से आग्रह है कि इसी वर्ा के बजट में उक्त कार्यो को शुरू कराने हेतु सर्वे एवं स्वीकृति प्रदान की जाये ताकि पूरे उत्तरांचल को रेलवे यातायात से जोड़ा जा सके।